आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल 2027 तक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगा। हरियाणा की पंचकुला विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार अपनी नितियों में बदलाव करने के अलावा वित्तीय अनुशासन लाकर प्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम रही है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आपदा के दौरान राजनीति करने का आरोप भी लगाया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हरियाणा के चरखी दादरी और भिवानी में चुनावी जनसभाएं करेंगे।

नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे कल बिलासपुर में भाषा व संस्कृति विभाग के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने के अलावा, जिला न्यायालय व बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। उसके बाद वे एम्स में विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी करेंगे। जगत प्रकाश नड्डा का 5 अक्तूबर को नाहन में भाजपा जिला कार्यालय के भवन का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है।

नवरात्र

देवी दुर्गा की पूजा का 9 दिवसीय त्योहार—नवरात्रि आज धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हो रहा है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रों के पहले दिन आज देवी दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। शारदीय नवरात्रों को लेकर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और प्रसिद्ध मंदिरों को आकर्षक ढ़ग से सजाया गया है। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। धर्मशाला में आयोजित कांगड़ा वैली कार्निवल में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि कांगड़ा के धार्मिक स्थल और सुंदर वादियां

पर्यटकों को आकर्षित करने वाली है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कुल्लू दशहरा

13 अक्तूबर से शुरू होने वाले अतंर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा को लेकर इन दिनों तैयारियां जोरों पर हैं। दशहरे के दौरान निकलने वाली भगवान रघुनाथ की शोभा यात्रा के संबध में कल एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि रघुनाथ जी के साथ चलने वाले कारकूनों को उनकी जिम्मेवारियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी भीड़ को काबू करने में सहयोग का आग्रह भी किया।

वेतन वृद्धि

सूक्ष्मं, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय ने 2 अक्टूबर से सूत कातने वालों के वेतन में 25 प्रतिशत और करघा चलाने वालों के वेतन में 7 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। यह घोषणा पिछले महीने की 17 तारीक को की गई थी। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सूत कातने वालों को पहले प्रति लच्छे दस रुपये मिलते थे जिसे बढाकर 12 रुपये 50 पैसे कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान वेतन में लगभग 213 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो खादी के जरिये ग्रामीण भारत के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने खादी उत्पोदों पर 20 प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत छूट की भी घोषणा की।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खिया पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है.....

मुख्यमंत्री के बयान पर अमर उजाला और दैनिक जागरण की लगभग एक जैसी सुर्खी है–हिमाचल की बात तो कर रहे प्रधानमंत्री आपदा में नहीं दी फूटी कौड़ी, जबकि दैनिक भास्कर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से लिखा है–कांग्रेस ने नहीं की पूरी कोई गारंटी सफेद झूठ बोल रहे मुख्यमंत्री। दैनिक सवेरा टाईम्स की सुर्खी है–कांग्रेस ने हिमाचल में नहीं पूरी की कोई गारंटी।

भाजपा सांसद कंगना रनोत द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर दिव्य हिमाचल लिखता है–कंगना ने अब किया राष्ट्रपिता का अपमान। अमर उजाला का शीर्षक है–कंगना ने

सोशल मीडिया पर लिखा देश में पिता नहीं, लाल होते हैं—गांधी जयंती पर सांसद ने डाली पोस्ट, नीचे लगाई लाल बहादुर शास्त्री की फोटो।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है—आठ दिन देरी से विदा हुआ मॉनसून सामान्य से 18 प्रतिशत कम बरसे बादल—मॉनसून के दौरान एक हजार 3 सौ 60 करोड़ रूपए का नुकसान।

हिमाचल दस्तक के अनुसार—इस बार 8 दिन देरी से रूखसत हुआ मॉनसून। पंजाब केसरी के मुताबिक—तबाही मचाने के बाद अलविदा हुआ मॉनसून, धूप खिलने से अब बढ़ने लगा है अधिकतम तापमान ऊना में पारा हुआ 35 डिग्री पार।

आज से शुरू शारदीय नवरात्रों से जुड़ी खबरों को भी लगभग सभी अखबारों ने महत्व दिया है।